राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–173/2024

राज्यपाल से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 27 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों– श्री शारिक बद्र, श्री विक्रम वर्धन एवं श्री अविनाश कुमार सिंह ने राजभवन आकर शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि उनके लिए देश हित सर्वोपरि है। साथ ही उन्हें बिहार के विकास में भी आवश्यक सुझाव देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि बिहार में कृषि, उद्योग, पर्यटन आदि प्रक्षेत्रों के विकास की असीम संभावनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों का विदेश के विश्वविद्यालयों के साथ उच्च शिक्षा के विकास एवं गुणवत्ता सुधार के लिए एम०ओ०यू० होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से इसमें सहयोग करने को कहा।

राज्यपाल ने मिलने आए अधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बिहार के बहुमुखी विकास हेतु उन्हें भी यथासंभव योगदान करना चाहिए।

ज्ञातव्य है कि मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों का उक्त दल सामाजिक, आर्थिक विकास सहित राज्य स्तर पर शासन के संगत पहलुओं की जानकारी हेतु बिहार के दौरे पर है।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू तथा सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव श्रीमती रचना पाटिल भी उपस्थित थीं।

....